प्रेस नोट
दिनांक 01.03.2025 संपूर्ण समाधान दिवस
जनपद गोण्डा।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया-

आज दिनांक 01.03.2025 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में तहसील सदर गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।
इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनंद कुमार राय,थाना प्रभारी सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक 01.03.2025

बाल श्रम की रोकथाम हेतु संचालित दुकानों और होटलों की चेकिंग की गयी, दुकानदारों से वार्ता कर बाल श्रम की रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे में कराया गया अवगत-

आज दिनांक 01.03.2025 को शासन द्वारा बाल और किशोर श्रम मुक्त अभियान, मानव तस्करी और तस्करी प्रवासी, बाल श्रम, भिक्षावृत्ति और बाल विवाह के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के कुशलं मार्गदर्शन में थाना एएचटी टीम द्वारा थाना को0 देहात व थाना तरबगंज क्षेत्रान्तर्गत कस्बों में जनता को जागरूक करते हुए विदेश मंत्रालय के ई-माइग्रेट प्रोजेक्ट के पोर्टल पर एजेंटों के पंजीकरण, विदेशों में नौकरी के अवसर, कल्याणकारी योजनाओं सहित आवश्यक सहायता हेतु उपलब्ध कराये गये नम्बरों जिनका उपयोग विदेश जाने वाले इच्छुक व्यक्तियों द्वारा सही व सटीक जानकारी हेतु व अवैध एजेंटों के खिलाफ समुचित विधिक कार्यवाही एवं जनजागरूकता, पुलिस बल द्वारा अवैध माइग्रेशन (उत्प्रवासन), मानव दुर्व्यापार की रोकथाम हेतु व्यापक तौर पर कदम उठाने व अवैध या गैर कानुनी एजेंटों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु विदेश मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया तथा बाजारों में संचालित दुकानों, होटलों की चेकिंग की गई। अभियान के दौरान बाल श्रम रोकथाम हेतु शासन द्वारा चलाई जा रही नीतियों के बारे मे दुकानदारों को अवगत कराया एवं हिदायत दी गई की भविष्य में किसी भी प्रकार के बच्चों से बाल श्रम ना कराये यदि बाल श्रम कराते पकड़े जाते हैं तो थाना ए0एच0टी0 प्रभारी के द्वारा विधिक कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में अभियान के दौरान मिशन शक्ति के तहत महिला एवं बच्चों को जागरूक किया गया और महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के बारे में अवगत कराया गया।

इस दौरान थाना ए0एच0टी0 से प्रभारी नि0 लाल बिहारी, उ0नि0 श्री हरेंद्र प्रसाद, मुख्य आरक्षी गऊचरन मौजूद रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा।